## Activity report from 01-04-2018 to 31-03-2019

**1. Adventure Camp (07.04.2018 to 13.04.2018)**

NSS units of GJUS&T, Hisar organized an adventure camp at Kullu, Himichal Pardash. 29 NSS volunteers participated in the camp under the supervision of Dr. Rajender Kumar and Dr. Sunil Kumar and Mr. Dalbir Singh during 07.04.2018 to 13.04.2018. Volunteers did rafting, zip-lining, 3 days tracking up to 12000 ft, and rappelling. It was a wonderful and exciting experience for all the volunteers.






### 2. Help Desk (04-07-2018)

NSS units of GJUS&T with collaboration with placement cell GJUS&T Hisar organized a "Help Desk" in the university campus. Around 25 NSS volunteers were involved for helping the students regarding the queries related to examination centre, counselling schedule, etc..






**3. Prerna-2018 NSS Merit certificate distribution function (05-05-2018)**

NSS unit of Guru Jambheshwar University of Science& Technology, Hisar organized "Prerna-2018" NSS merit certificate distribution function on 05th May 2018 in seminar hall of teaching block-4, GJUS&T, Hisar. Hon'bleVice Chancellor of GJUS&T ,Prof. Tankeshwar Kumar graced the occasion with his valuable presence. Total 61 NSS volunteers who have completed their criteria for the merit certificate were presented merit certificate by the vice chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar. He appreciated the participation and coordination of NSS team for organizing various awareness programmes. He said that students should also participate in various social activities along with curricular activities for the development of society and nation. This leads to personality development of students and also creates a spirit of discipline and service in youth for the society. Prof. Sujata Sanghi presented the NSS annual report for the session 2017-2018. Volunteers also shared their experience with NSS. In the event Prof. Sunita Srivastava, NSS programme coordinator Prof. Sujata Sanghi and all the programme officers Dr. Kashmiri Lal, Dr. Anil Kumar, Dr. Vijender Pal Saini, Mrs. Suman Dahiya, Dr. Vijay Pal Singh, Dr. Rajender singh were also present.






# युवाओं से गुजवि वीसी ने कहा- हर काम राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर करें

## जीजेयू में 'प्रेरणा-2018' का आयोजन, 61 स्वयंसेवक हुए सम्मानित

**भास्कर न्यूज** | हिसार

जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा है कि हर काम राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर करे। राष्ट्रहित में ही हम सबका हित है। प्रो. टंकेश्वर कुमार शनिवार को विश्वविद्यालय के शिक्षण खण्ड-4 के सेमीनार हाल में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'प्रेरणा-2018' को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक प्रो. सुजाता सांधी ने की। इस अवसर पर फिजिक्स विभाग की प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रही।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में अनुशासन तथा सेवा की भावना पैदा करती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जो भी काम करते हैं उसे लगन व मेहनत से करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश भर से राजपथ पर एनएनएस परेड में भाग लेने वाले आठ स्वयंसेवकों में से चार स्वयंसेवक विश्वविद्यालय के थे। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय की स्वयंसेविका अनुप्रिया द्वारा एनएसएस परेड का नेतृत्व भी किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से दूसरे विद्यार्थी भी प्रेरणा प्राप्त कर सफलताएं प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना मैं नहीं हम के साथ जीना सिखाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का समाज में समस्याओं के समाधान में बहुत बड़ा योगदान रहता है। वे छोटी-छोटी समस्याओं को ध्यान में न रखकर आगे बढ़ते हैं।




गुजवि के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित प्ररेणा-2018 कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

अपने स्वागत सम्बोधन में एनएसएस समन्वयक प्रो. सुजाता सांधी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम 'प्रेरणा-2018' में विश्वविद्यालय में गत दो से चार वर्षों में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 61 स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के संबंद्ध हुए विभिन्न महाविद्यालयों के स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. कश्मीरी लाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक गांव-गांव गली-गली जाकर सेवाभावना से काम करते हैं। इस अवसर पर चीफ वार्डन डा. विकास कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. अनिल भानखड़, डा. विजय व सुमन दहिया सहित विभिन्न महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

Danik Bhaskar: 06-05-2018

**4. Green Campus Clean Campus (16-07-2018 to 31-08-2018)**

A moment Green Campus Clean Campus was organised during 16-07-2018 to 31-08-2018. In that, the Students were motivated for cleanliness of the campus. The slogans were pasted at different places in the university to keep the students awakened for the clean and green campus. In the school of village Behbalpur (adopted village by the university), plantation was done. Twenty dustbins and four tree guard were also donated to the school for the theme green campus and clean campus.




NSS



**5. Plantation (04-08-2018)**

The NSS unit of GJUS&T along with the Horticulture department of the university celebrated “Van-Mahotsava” 04-08-2018 in the university campus. 200 samplings of green plants were planted all around the campus. Prof. Tankeshwar Kumar Vice Chancellor of the university graced the occasion as chief guest. He said that plantation plays an important role in keeping the environment clean and green. Dr. Anil Kumar Pundir also planted trees and said that after planting tress it’s also necessary to take proper care of them so they grow and protect the environment. About 120 volunteers participated in the event. On this occasion Prof. Sujata Sanghi, Sh.Ashok Ahlawat, Dr. S B Luthra, Dr. Kashmiri Lal, Dr. Rajendra Singh, Dr. Vinod Sharma, Dr. Devender Mohan, Dr. Anil Kumar, Dr. Vijender Pal Saini, Dr. Vijay Pal Singh were also present.



# पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान में वैश्विक समस्याः डॉ. अनिल

## जीजेयू में वीसी सहित शिक्षकों ने किया पौधरोपण

**भास्कर न्यूज | हिसार**

जीजेयू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं बागवानी विभाग के स्टाफ ने संयुक्त रुप से वन महोत्सव मनाया। वन महोत्सव की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और बच्चों ने मिलकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ अत्यंत आवश्यक हैं। पेड़ों को केवल लगाना जरूरी नहीं है, बल्कि उनकी उचित देखभाल भी आवश्यक है ताकि पेड़ों को लगाने का उद्देश्य पूरा हो सके तथा पेड़ समय पर बड़े होकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकें। कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी समस्या है।



गुजवि में पौधरोपण करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं कुलसचिव।

इस समस्या का समाधान प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रयोग करके तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ही किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 35 स्वयंसेवक तथा बागवानी विभाग के पालेराम के नेतृत्व में उनके स्टाफ सदस्य ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. देवेन्द्र मोहन, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. कश्मीरी लाल, डॉ. राजेन्द्र सिंह, डॉ. विजय पाल आदि थे।

6. **PFMS Training of NSS Programme Officers (05-09-2018).**

   NSS of GJUS&T, organised a PFMS ( Public Financial Management System) to the NSS Programme Officers on 05-09-2018. In this training total 343 programme officers have been participate from different University/District.

7. **First State Level NSS Award Function (28-09-2018)**

   A joint programme of NSS unit of GJUS&T and higher education department, Haryana organised first State Level National service scheme price distribution function. Dr. Kamal Gupta, MLA & Chairman of Haryana Bureau of Public enterprises addressed the gathering as Chief Guest.


NOT ME
BUT YOU
उच्चत्तर शिक्षा विभाग, हरियाणा
प्रथम राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह
मुख्य अतिथि
श्री मनोहर लाल जी, माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा
22 सितम्बर, 2018
चौ. रणबीर सिंह सभागार, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार
Reserved



# एन.एस.एस. युवा के चरित्र निर्माण के साथ संस्कारी नागरिक बनाती है : डा. गुप्ता

हिसार, 22 सितम्बर (पंकेस): देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना युवा के चरित्र निर्माण के साथ-साथ उनको सभ्य व संस्कारी नागरिक बनाती है।स्वच्छता अभियान की जागरूकता के चलते ही आज समूचा भारत खुले में शौच से मुक्त हो रहा है। हिसार के विधायक व हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजिज के चेयरमैन डा. कमल गुप्ता गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा के सौजन्य से विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य सचिव ज्योति अरोड़ा, वाई.एम.सी.ए. वि.वि., फरीदाबाद के कुलपति डा. दिनेश कुमार, एन.एस.एस. क्षेत्रीय निदेशक एस.पी. भटनागर, उपायुक्त अशोक कुमार मीणा, कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर भी उपस्थित रहे। डा. कमल गुप्ता ने कहा कि हमें अपने आप से सफाई की शुरूआत करनी होगी। यदि हम खुद साफ रहते हैं तो पूरा हिंदुस्तान अपने-आप साफ-सुथरा हो जाएगा।उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव ज्योति अरोड़ा ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत देश के 98,172 स्वयंसेवकों द्वारा पंजीकरण किया गया है जिसमें से प्रदेश के 10,112 स्वयंसेवक है। इसके साथ-साथ 475 नोडल अधिकारियों द्वारा पंजीकरण किया गया है।



*समारोह में 'डी' मकानों का उद्घाटन करते विधायक डा. कमल गुप्ता, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।*

## 'डी' टाइप मकानों का उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान माननीय डा. कमल गुप्ता द्वारा नवनिर्मित 24 'डी' टाइप मकानों का उद्घाटन किया।इन मकानों के निर्माण पर 468 लाख रुपए की लागत आई है। एक मकान 130 वर्ग मीटर क्षेत्र में बना है। मकान में 3 बैड रूम, एक ड्राइंग रूम, एक लॉबी, एक रसोई, 2 बाल्कोनी तथा 2 शौचालय बनाए गए हैं।नवनिर्मित मकानों में भूकम्प प्रतिरोधी संरचना तथा प्रयाप्त पार्किंग स्थल हैं।

**8. NSS Day (24-09-2018)**

On the occasion of NSS Day, 50th anniversary of NSS was celebrated by NSS unit of GJUS&T, Hisar in TB-4 seminar hall on 24th September 2018. In this event volunteers organized a patriotic cultural programme. Prof. Sujata Sanghi, NSS Coordinator presided over the function and motivated the volunteers to maintain self-discipline and punctuality in life. The programme officer Mrs. Suman Dahiya, Dr. Kashmiri Lal, Dr. Anil Kumar,

Dr. Vijender Pal Saini, Dr. Vijay Pal Singh, Dr. Rajender also participated in the celebration. NSS song was sung by a group of volunteers. At the end, an energetic duet dance performance was presented by the students. The event was well planned and organized by the NSS volunteers. All the volunteers participated in the event with zeal and enthusiasm.




**9. Rally on Cleanliness (02-10-2018)**

A rally on cleanliness was organized in the GJU campus under the slogan of ‘SWACHCH BHARAT SWASTH BHARAT’ by the NSS volunteers of the university on the occasion of Gandhi Jayanti. Prof. Harbhajan Bansal Dean Students Welfare, initiated the drive himself by taking the first step and started from the park of Haryana school of business. Dr. Rajiv Kumar, clean campaign coordinator, appreciated the work done by the volunteers. Around 50 volunteers participated in the rally to aware the masses to keep their surroundings neat and clean. Nukkad natak was also performed by the students in the campus to inspire everyone for maintaining cleanliness. NSS programme coordinator Prof. Sujata Sanghi and all the programme officers Dr. Kashmiri Lal, Dr. Anil Kumar, Dr.

Vijender Pal Saini, Mrs. Suman Dahiya, Dr. Vijay Pal Singh, Dr. Rajender were also present.






हिसार ( पंकेस ): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत केन्द्र के सौजन्य से मंगलवार को गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर वि.वि. में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरूआत वि.वि. के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. हरभजन बंसल ने हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनैस के पार्क से की। प्रो. हरभजन बंसल ने कहा कि अभियान में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं, सरकारी कर्मचारी सहित सभी इस अभियान में जुड़ें। विश्वविद्यालय के स्वच्छता अभियान के समन्वयक डा. राजीव कुमार ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को बधाई दी कि स्वच्छ भारत मिशन ने बापू के सपने का पूरा करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक जन आंदोलन के 4 साल पूरे किए हैं। इस अवसर पर डा. सुरेश कुमार मित्तल, मृणालिनी नेहरा, कमल व कृष्ण कुमार सहित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।




जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी।

Punjab Kashri 03-10-2018

**10. Workshop on Cyber security (15-10-2018)**

NSS of GJUS&T, Hisar is organised a workshop on Cyber Security on 15-10-2018 For Girls Girls students


National Service Scheme, GJUS&T, Hisar
National Commission for Women (NCW), India
Cyber Peace Foundation, India
Facebook
Date: October 15, 2018
Time: 10.00 AM
Venue: Satyendra Nath Boss Hall , CRS Auditorium GJUS&T, Hisar
Registration at 9:30 AM



# साइबर अपराध के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

हिसार, 15 अक्तूबर (पंकेस): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के चौधरी रणवीर सिंह सभागार में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले साइबर अपराध के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय महिला आयोग एवं साइबर पीस फाऊंडेशन इंडिया के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्यवक्ता जेनिस वर्गीज ने बताया कि तकनीक का एक जागरूक उपयोगकर्त्ता होने के नाते इसका संपूर्ण ज्ञान रखते हुए प्रयोग करना ही साइबर अपराध से बचने की प्रथम सीढ़ी है।

मौजूदा दौर में साइबर अपराध में काफी बढ़ौतरी देखने को मिल रही है। भारत दुनिया में दूसरा, जनसंख्या के मामले सबसे अधिक इंटरनैट उपयोग करने वाला देश है। जोकि पूरे विश्व का 34 प्रतिशत है। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी अब इसमें भागीदारी निभा रही हैं। महिलाओं की संख्या में इजाफा होना सकारात्मक है लेकिन समस्याएं भी अपार उभरकर सामने आने की संभावना है। बैंकिंग करते समय क्या-क्या मुख्यत: सावधानियां बरतनी चाहिएं, की जानकारी देते हुए उसे रोजमर्रा के जीवन में प्रयोग करने की हिदायत दी।



*गुजविप्रौवि में छात्राओं को सम्बोधित करती मुख्यवक्ता जेनिस वर्गीज।*

इसके साथ-साथ सामाजिक मीडिया का उपयोग करते हुए अपने स्थान, जन्मतिथि या आप कहां पर हैं, इन सबकी सही जानकारी न डालने की छात्राओं को सलाह दी। इस कार्यक्रम में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के साथ-साथ विश्वविद्यालय की अन्य छात्राएं भी मौजूद रहीं। इसके अतिरिक्त राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार। दयानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, हिसार, छोटूराम मैमोरियल जाट महाविद्यालय एवं छोटूराम शैक्षिक महाविद्यालय, हिसार की छात्राओं ने भी साइबर अपराध के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। 250 छात्राओं ने इस कार्यक्रम को सुना। गुजवि की राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. सरोज व महिला सैल की प्रो. अलका का भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम योगदान रहा। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी शिक्षिका सुमन दहिया, शिक्षिका अन्जु गुप्ता व डा. सुनील वर्मा का भी अमूल्यवान सहयोग रहा।

Punjab kasari16-10-2018

## 11. Kerala Relief Fund



## 12. National Unity Day (31-10-2018)

NSS unit of GJUS&T organized a Marathon: Run for Unity" on the occasion of Birth Anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel on 31-10-2018







**13. World Aids Day (30-11-2018)**

NSS unit of GJUS&T organized a red ribbon campaign on the occasion of World Aids Day. NSS volunteers visited various departments and offices and presented red ribbon to the students, teaching and non-teaching staff members of the university. On the day Prof. Sujata Sanghi, NSS coordinator of GJUS&T addressed the volunteers and asked them to spread out the information regarding the ways to prevent HIV/AIDS. Prof. Sujata Sanghi, Prof. Devendra Mohan, Dr. Anil Kumar, Dr. Kashmiri Lal, Dr. Vijender Pal Saini, Mrs. Suman Dahiya were also present.




National Service Scheme
A Workshop on the Occasion of
World AIDS Day
Theme: "Know Your Status"
Time: 2:30PM
Satyendra Nath Bose Hall, CRS Auditorium






# एचआइवी पॉजिटिव व्यक्ति के शरीर पर टैटू बनाने के बाद उसी मशीन से बनवाया तो 100 फीसद होगी एड्स

जागरण संवाददाता, हिसार : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पवन शर्मा ने कहा कि भारत में 2.1 मिलियन लोग एचआइवी एड्स से ग्रस्त हैं और देश में प्रतिवर्ष 68000 एड्स ग्रस्त लोगों की मृत्यु हो रही है, जो गंभीर विषय है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार भारत में 2050 तक 49.5 मिलियन लोगों को एड्स होने की संभावना है। यदि किसी एचआइवी पॉजिटिव व्यक्ति के शरीर पर टैटू बनाने के बाद दूसरे व्यक्ति के शरीर पर उसी मशीन का प्रयोग किया जाता है तो एचआइवी एड्स होने की 100 फीसद संभावना होती है। प्रो. पवन शर्मा गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा वर्ल्ड एड्स दिवस के उपलक्ष्य में 'नो योर स्टेट्स' विषय पर आयोजित कार्यशाला को बतौर मुख्यवक्ता संबोधित कर रहे थे।

प्रो. शर्मा ने कहा कि देश का 50 फीसद शहरी युवा ही एचआइवी एड्स के प्रति जागरूक है। आज का युवा अपने शरीर पर विभिन्न प्रकार के टैटू बनाता है। टैटू बनाने व बनवाने वाले व्यक्तियों का जागरूक होना बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने की। सामान्य हस्पताल, हिसार के एसएमओ डा. नरेश सतसंगी ने विशेष व्याख्यान दिया। स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में कैंडल मार्च भी निकाला।

पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियंका रानी को सम्मानित करते अतिथिगण।

## पोस्टर मेंकिंग में बीएड कालेज की प्रियंका प्रथम

युवा कल्याण निदेशक कार्यालय द्वारा वर्ल्ड एड्स दिवस पर ऑन स्पॉट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छाजू राम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हिसार के बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका रानी ने पहला स्थान प्राप्त किया। कम्युनिकेशन मेनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र सोमेश ने दूसरा व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक प्रो. सुजाता ने संबोधन प्रस्तुत किया।

## 14. Blood Donation Camp (07-12-2018)

NSS of GJUS&T, Hisar has organised a Blood Donation Camp at GJUS&T campus on 07-12-2018 in collaboration with HDFC Bank. Hon'ble Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar was the chief Guest of the camp. Total 100 units of blood were collected in the camp.






## 15. Autalya Bharat; Ek Jhalak (20-12-2018)

National Service Scheme organized a mega patriotic cultural evening **"Atulya Bharat: Ek Jhalak"** on the occasion of 63rd DAE Solid State Physics Symposium (DAESSPS) on 20-12-2018. All the delegates from mall over the country witnessed outstanding performances by the NSS volunteers.


सिटी भास्कर

dainikbhaskar.com

दैनिक भास्कर, हिसार

माइम से नशा न करने का मैसेज तो डांस में झलकी संस्कृति

लावणी नृत्य

माइम परफॉर्मेंस

अंत में अतुल्य भारत की परफॉर्मेंस रही खास

## 16. District Youth Parliament (25-01-2019)

National Service Scheme of Guru Jambheshwar University of Science & Technology is organized District Youth Parliament on 25-01-2019. Guru Jambheshwar University of Science & Technology was selected as nodal institution for the organization of District Youth Parliament. In this event participants were selected from walk in screening and screening by digital mode. This nodal institution also screened the participants via digital screening for the eleven districts of Haryana state. In the District Youth Parliament 65 youths of Hisar District participated. .


arliament
estival 2019





# युवा संसद में छाया माल्या, नीरव मोदी का देश छोड़कर भाग जाना

## एक वक्ता बोला, कालेधन की बात करते हैं, नहीं है कालेधन की पूरी जानकारी

हिसार, 25 जनवरी (ब्यूरो): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव 2019' के तहत जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह सभागार में किया गया। जिला स्तरीय युवा संसद से पायल, रूपित गोयल व स्वेता को चुना गया है। इसके अतिरिक्त विशाल दलाल व भानूप्रिया को प्रतीक्षा सूची में रखा गया। हिसार के विधायक डा. कमल गुप्ता ने जिला स्तरीय युवा संसद का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर भी उपस्थित रहे।

युवा सांसदों ने अपने भाषणों में देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही नीतियों को सराहा। माल्या, नीरव मोदी का देश छोड़कर भाग जाना भी मुख्य मुद्दा रहा। प्रतिभागी ने अपने व्याख्यान में कहा कि देश की सरकार किसी भी बुरे कार्य के लिए सजा तो देती है लेकिन उस बुरे कार्य को खत्म करने के लिए समाधान नहीं निकालती।

प्रतिभागी कोमल ने आतंकवाद विषय पर अपना सम्बोधन देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति, राज्य व देश के लिए लक्ष्य हासिल करना बड़ी बात नहीं है बल्कि लक्ष्य को बनाए रखना बहुत आवश्यक है। देश के प्रधानमंत्री ने देश में कार्य तो किए हैं, लेकिन आतंकवाद की रोकथाम में वो विफल रहे हैं।

प्रतिभागी सतेन्द्र ने कहा कि देश के युवाओं को खेल नीति के तहत वजीफा देने की बजाय सुविधाएं उपलब्ध करवानी चाहिए। देश के 82 प्रतिशत स्कूलों में खेलों के लिए खेल शिक्षक नहीं है। 32 प्रतिशत स्कूलों के पास खेलों का सामान व 38 प्रतिशत स्कूलों के पास खेल के मैदान नहीं है।

जलवायु परिवर्तन पर अपना सुझाव देते हुए एक युवा सांसद ने कहा कि आज भारत देश मंगल गृह पर मकान बनाने की सोच रहा है। जो व्यक्ति पृथ्वी को खत्म कर रहा है वो मंगलगृह को कैसे बचा सकता है। हमारी आगामी युवा पीढ़ी के लिए हमें प्यार्वरण व जलवायु पर विशेष ध्यान देना होगा और पृथ्वी को ही मंगल बनाना होगा।

'राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव 2019' के नोडल ऑफिसर डा. कश्मीरी लाल ने बताया कि संसद के लिए 74 युवाओं द्वारा पंजीकरण करवाया गया था, जिसमें से 60 युवा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। जिला स्तरीय युवा संसद में चुने गए 3 युवा सांसद अब पंचकूला में होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि तीनों युवा सांसदों को 26 जनवरी को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार सम्मानित भी करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, सेवानिवृत्त कमिश्नर डा. युद्धवीर सिंह ख्यालिया, प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, प्रो. विक्रम कौशिक व प्रो. सुजाता सांघी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

*युवा संसद में विचार रखते हुए विद्यार्थी।*

**17. Seven Day Camp at village Shahpur (24-01-2019 to 30-01-2019)**

NSS unit of GJUS&T is willing to organized a Seven days special camp under the theme **"Youth For Rural Reconstruction"** from 24-01-2019 to 30-01-2019 at village Shahpur. With this theme, during the camp, number of activities including First Aid and Home Nursing Training for volunteers, Blood Donation Camp, Health camp for villagers, Awareness rally on cleanliness and prevention of alcohol and drug addiction were conducted. Apart from this, the activities related to communally harmony, career counselling, attitude building and *Beti Bachao- Beti Padhao etc. were also organized* during the camp. More than 200 NSS volunteers along with Programme Officers participated in the camp.




NATIONAL SERVICE SCHEME
ORGANIZES
SEVEN DAYS SPECIAL CAMP
"Theme : Youth For Rural Reconstruction"
AT VILLAGE
"SHAHPUR"



# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सही को चुनने का दिया मैसेज

## जीजेयू के स्टूडेंट्स ने शाहपुर में लगाया एनएसएस कैंप

सिटी रिपोर्टर • जीजेयू की एनएसएस टीम ने हिसार के गांव शाहपुर में सात दिन का कैंप लगाया। इसका मुख्य उद्देश्य गांव के विकास में युवाओं की भागीदारी को बढ़ाना रहा। कैंप में कुल 200 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया। पहले दिन यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर प्रो. टंकेश्वर कुमार भी पहुंचे, उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स लाइफ में एनएसएस कैंप का विशेष महत्व है। इससे बच्चों में डिसिप्लिन जैसे गुण डिवेलप होते हैं। इसके साथ ही बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सही वोट देकर सही नेता चुनने का संदेश दिया।

### वीसी ने पौधरोपण कर गो ग्रीन का दिया मैसेज

प्रो. टंकेश्वर ने पौधरोपण भी किया और ग्रीन एन्वायरमेंट का मैसेज दिया कि स्टूडेंट्स को बढ़-चढ़ कर ऐसे कैंप में पार्टिसिपेट करना चाहिए।

Danik Bhaskar-25-01-19

**18. State Level NSS Camp (22-03-20198 to 28-03-2019).**

State Nss Camp sehbhagita 200 volunteers from all over haryana partyicipated in stare camp sehbhagita held in guru jambheswar university of science and technology from 22March to 2187 March veledictory functions various activites like tranig on first Aid Disater Management various lactures on personality development evening kavya sanhya .Rakhi garhi visit,haryana sanjh ,and varius competition like poster making quize, clay modelling Rangoli were successfully organised in Which voluneers took paricipation activelu Blood Donation camp was also Oraganizewithin the seven day camp in which around 300unit blood were colleected to aware. Youth toward their social responsibillity .on valedictory camp volunteers were awarded withmedals and certificates for their active participation in whole 7 day camp


State NSS Cell, Directorate of Higher Education, Haryana
NATIONAL SERVICE SCHEME
Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hisar
Organises
STATE N.S.S. CAMP - 2019
सहभागिता
March 22-28, 2019
Venue: CRS Auditorium, GJUS&T, Hisar